डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांकः 65 / फा0सं0–240 / कार्या0ज्ञाप / डा.श.मि.रा.पु.वि. / 2023–24 दिनाँकः 20 जून, 2023

// कार्यालय–ज्ञाप //

विश्वविद्यालय के पत्रांक 627 / फा0सं0–240 / कार्या0ज्ञाप / डॉ.श.मि.रा.पु.वि. / 2023–24, दिनांक 17 जून, 2023 द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर विश्वविद्यालय परिसर के पुरूष छात्रावास के निकट आउटडोर विशिष्ट स्टेडियम के फुटबाल ग्राउण्ड पर दिनांक 21 जून, 2023 दिन बुधवार को प्रातः 6:00 बजे कुशल योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा, जिसमें मा0 कुलाध्यक्ष एवं श्री राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की आने की सम्भावना है एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेश्वर सिंह, मा0 विधायक, सरोजनी नगर, लखनऊ प्रतिभाग करेंगे।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकवृन्द, अधिकारीगण दिनांक 21 जून, 2023 को प्रातः 05:30 बजे योगाभ्यास स्थल पर उपस्थित होने का कष्ट करें तथा समस्त कर्मचारी उक्त तिथि को प्रातः 05:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(अनिल कुमार मिश्रा)
उप कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– वैयक्तिक सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2– कुलसचिव महोदय, विश्वविद्यालय।
3– वित्त अधिकारी महोदय, विश्वविद्यालय।
4– समस्त शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
5– समस्त अधिकारी गण, विश्वविद्यालय।
6– समस्त कर्मचारीगण को इस निर्देश के साथ कि दिनांक 21 जून, 2023 को प्रातः 05:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर व्यवस्था किया जाना है।
7– नजारत अनुभाग को इस आशय से कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध आवश्यक व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।
8– निदेशक, ए0 एन कपूर जैनिटर्स प्रा0 लि0 (साफ–सफाई) को इस निर्देश के साथ कि तद्नुसार परिसर में व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।
9– विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
10– नोटिस बोर्ड / गार्ड फाइल।

(अनिल कुमार मिश्रा)
उप कुलसचिव